भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 413
दिनांक 28.11.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

पासपोर्ट –कार्यालयों में रिक्त पद

413. **श्रीमती फूलो देवी नेतमः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश के पासपोर्ट कार्यालयों में श्रेणी–वार रिक्त पदों की कुल संख्या कितनी है और ये पद कितने समय से रिक्त हैं;

(ख) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि देश भर के पासपोर्ट कार्यालयों में रिक्त पदों के कारण लोगों को पासपोर्ट जारी करने और उनके नवीनीकरण में काफी समय लग रहा है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा रिक्त पदों को भरने में विफल रहने के क्या कारण हैं?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)

(क) पासपोर्ट कार्यालयों में रिक्त पदों का श्रेणीवार ब्यौरा निम्नानुसार है:

पद का नाम	**रिक्ति**
पासपोर्ट अधिकारी	04
उप पासपोर्ट अधिकारी	13
सहायक पासपोर्ट अधिकारी	07
वरिष्ठ अधीक्षक	74
अधीक्षक	172
सहायक अधीक्षक	273
वरिष्ठ पासपोर्ट सहायक	110
कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक	251
सहायक निदेशक	03
कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी	15
आशुलिपिक (ग्रेड–I)	02
आशुलिपिक (ग्रेड–II)	06
कार्यालय सहायक	65

(ख) और (ग) सरकार नागरिकों को समय पर पासपोर्ट जारी करने के लिए सभी प्रयास कर रही है। सरकार प्रक्रियाओं के अनुसार रिक्तियों को भरने के लिए सभी सुधारात्मक उपाय भी कर रही है। कार्यालय सहायक,

कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक, सहायक अधीक्षक, आशुलिपिक और कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ग्रेड के रिक्त पदों को सीधी भर्ती श्रेणी में भरने के लिए कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) को 447 रिक्तियों की सूचना दी गई है।

विभागीय पदोन्नति समितियों (डीपीसी) और सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (एलडीसीई) के माध्यम से पदोन्नतियां समय पर की जा रही हैं।

*****